10 नगरीय स्वशासन

1. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद् में अधिकतम कितने व्यक्तियों के नाम निर्दिष्ट किये जा सकते हैं?
(1) 10   (2) 12
(3) 8   (4) 6   (3)

2. निम्न में से कौनसी नगरीय स्वशासन संस्था राजस्थान में अस्तित्त्व में नहीं है?
(1) नगर निगम   (2) महानगर निगम
(3) नगर परिषद्   (4) नगर पालिका   (2)

व्याख्या– 74वां संविधान संशोधन देशभर में निम्न त्रिस्तरीय नगर निकायों की व्यवस्था करता है– 1. नगर पालिका 2. नगर परिषद् 3. नगर निगम

3. आबू में प्रथम नगर पालिका कब स्थापित की गई?
(1) 1886   (2) 1964
(3) 1864   (4) 1868   (3)

4. निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए–
I. नगरपालिका निर्वाचन में कोई प्रत्याशी एक से अधिक वार्ड से चुनाव नहीं लड़ सकता है।
II. नगरपालिका निर्वाचन में कोई प्रत्याशी एक वार्ड से अधिकतम 4 नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकता है।
(1) I व II दोनों सही हैं।   (2) केवल I सही है।
(3) न तो I न ही II सही है।   (4) केवल II सही है।   (1)

5. राजस्थान में जिला आयोजना समिति में कितने सदस्य होते हैं?
(1) 20   (2) 35
(3) 25   (4) 15   (3)

व्याख्या– जिला आयोजना समिति का प्रावधान 74वें संविधान संशोधन द्वारा भाग–9 (क), अनुच्छेद 243 (य घ) में किया गया है। इस समिति में कुल 25 सदस्य होते है (20 निर्वाचित + 3 पदेन + 2 मनोनीत सदस्य)।

6. वार्ड समितियों के गठन के लिए नगर पालिका की न्यूनतम जनसंख्या कितनी होनी चाहिए?
(1) 2 लाख   (2) 5 लाख
(3) 1 लाख   (4) 3 लाख   (4)

व्याख्या– 3 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाली नगर पालिकाओं के क्षेत्र के तहत् एक या अधिक वार्डो को मिलाकर वार्ड समिति होगी। राज्य विधानमण्डल विधि बनाकर वार्ड समिति की संरचना, क्षेत्र और वार्ड समिति में पदों को भरने के संबंध में उपबंध कर सकता है।

7. भारत के संविधान का कौनसा अनुच्छेद जिला योजना समिति के गठन का उल्लेख करता है?
(1) अनुच्छेद 243 (त)
(2) अनुच्छेद 243 (य क)
(3) अनुच्छेद 243 (य घ)
(4) अनुच्छेद 243 (य ग)   (3)

व्याख्या– जिला आयोजना समिति का प्रावधान 74वें संविधान संशोधन द्वारा भाग–9 क, अनुच्छेद 243 य घ (ZD) में किया गया है। इस समिति का अध्यक्ष जिला प्रमुख होता है।

8. नगर पालिका के सदस्य के रूप में किसी व्यक्ति के निर्वाचन को किसके समक्ष निर्वाचन याचिका प्रस्तुत कर प्रश्नगत किया जा सकता है?
(1) निर्वाचन अधिकारी
(2) जिला निर्वाचन अधिकारी
(3) मुख्य निर्वाचन अधिकारी
(4) जिला न्यायाधीश   (4)

9. राजस्थान में नगर पालिका की वित्त समिति में अधिकतम सदस्य हो सकते है?
(1) 13   (2) 11
(3) 10   (4) 15   (3)

व्याख्या– राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 55 के तहत् नगर पालिका वित्त समिति में अध्यक्ष सहित अधिकतम 10 सदस्य हो सकते है।

10. निम्नांकित में से कौन 'जिला आयोजना समिति' के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है?
(1) जिला कलेक्टर
(2) नगर परिषद् का अध्यक्ष
(3) जिला परिषद् का प्रमुख
(4) जिला परिषद् का मुख्य कार्यकारी अधिकारी   (3)

11. राजस्थान में नगरपालिका चुनाव में एक निर्दलीय प्रत्याशी को नामांकन के लिए कितने प्रस्ताव आवश्यक है?
(1) पाँच   (2) चार
(3) तीन   (4) दो   (1)

12. मनरेगा कार्यक्रम का क्रियान्वयन किसके द्वारा किया जाता है?
(1) पंचायत समिति   (2) ग्राम पंचायत
(3) ग्राम सभा   (4) जिला परिषद्   (4)

13. जिला नियोजन समिति में निर्वाचित व पदेन सदस्य कितने होते हैं?
(1) 20 और 10   (2) 20 और 2
(3) 20 और 5   (4) 20 और 3   (4)

व्याख्या– इस समिति में 20 निर्वाचित सदस्य (4/5) पंचायती राज व नगर निकायों के निर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने में से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात में निर्वाचित किए जाऐंगे तथा इस समिति के 3 पदेन सदस्य– जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी होते हैं।

14. ग्राम, खण्ड, जिला पंचायतों तथा नगर पालिका का सीमा क्षेत्र अधिसूचित परिवर्तित करने के लिए निम्न में से कौन अधिसूचना जारी करता है?
(1) मुख्यमंत्री (2) राज्यपाल
(3) प्रधानमंत्री (4) राज्य विधानमण्डल (2)

15. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत 'महानगर योजना' के लिए समिति का गठन किया जाता है?
(1) अनुच्छेद 243 (य ग) (2) अनुच्छेद 243 (य क)
(3) अनुच्छेद 243 (य च) (4) अनुच्छेद 243 (य ड) (4)

व्याख्या– अनुच्छेद 243 (य ड) में महानगर योजना की समिति का प्रावधान है। प्रत्येक महानगर क्षेत्र के लिए विकास योजना तैयार करने के लिए एक महानगर योजना समिति का गठन किया जायेगा।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –





टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।